हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, बुधवार, 6 मार्च 2024

11 ग्रामीण सफाई कर्मचारियों, चौकीदारों व पम्प...



12 नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश में महिलाओं...



## खबर संक्षेप

### नूरकी अली माइनर से अज्ञात शव मिला

**रतिया।** उपमंडल के गांव चनकोठी के पास नूरकी अहली माइनर में मंगलवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला और मोर्चरी हाउस में रखवा दिया। पुलिस अधिकारी राधा कृष्ण ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष लगती है।

### कांवड़ लाने के लिए रवाना हुए शिव भक्त

**रतिया।** श्री संगमेश्वर महादेव कांवड़ संघ के सदस्य शीतला माता मंदिर से हरिद्वार से कांवड़ लाने के लिए रवाना हुए। प्रधान हिमांशु चावला व अन्य सदस्यों ने बताया कि शिवरात्रि को लेकर हर बार वे हरिद्वार कांवड़ लेने के लिए जाते हैं। पंडित सतीश शास्त्री ने कहा कि भगवान शिव सबसे जल्दी प्रसन्न होने वाले महादेव हैं।

### शुभ अवतरण समारोह 9 व 10 मार्च को

**सिरसा।** योग योगेश्वर प्रभु मुलख राज महाराज व योग योगेश्वर स्वामी देवीदयाल महाराज का शुभ अवतरण समारोह प्रभु रामलाल नर सेवा नारायण योग ट्रस्ट हुड्डा सेक्टर-20 पार्ट-3 भवन में रघुबीर महाराज की अध्यक्षता में 9 व 10 मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा। ट्रस्ट के सचिव व योगाचार्य यश चावला ने कार्यक्रम संबंधी जानकारी दी।

### अग्निवीर में चयनित उम्मीदवार हिसार पहुंचें

**फतेहाबाद।** मुख्यालय भर्ती कार्यालय, अंबाला द्वारा आयोजित भर्ती रैली में भाग लेने वाले अग्निवीर जनरल ड्यूटी (महिला सेना पुलिस) श्रेणी के चयनित उम्मीदवारों को 15 मार्च की सुबह 10 बजे सेना भर्ती कार्यालय, हिसार में पहुंचना होगा। निर्धारित समय के बाद आने वाले उम्मीदवारों को गेट में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

### मनरेगा मेट यूनियन ने बीडीपीओ को दिया ज्ञापन

**रतिया।** मनरेगा मेट यूनियन के सदस्यों ने आज जिला प्रधान केसर दास के नेतृत्व में बीडीपीओ हरीश कुमार को ज्ञापन दिया और उनकी समस्याओं का समाधान करने की मांग की। मनरेगा मेट मजदूर ट्रस्ट द्वारा बीडीपीओ हरीश कुमार को कार्य भार संभालने पर स्वागत किया गया और मजदूरों को ज्यादा से ज्यादा काम दिए जाने की डिमांड की।

### जैन साध्वियां रतिया पहुंची, प्रवचन आज

**रतिया।** एसएस जैन सभा के प्रधान संजू जैन ने बताया कि महासाध्वी सुप्रज्ञा जी महाराज, सुधर्म श्री महाराज, श्रुतश्री जी महाराज, समित श्री महाराज, संपत्ति जी महाराज ठाणे 5 आज रतिया पहुंच गए हैं। 6 मार्च को अनाज मंडी रोड स्थित जैन स्थानक में सुबह साढ़े 8 बजे से साढ़े 9 बजे तक प्रवचन किए जाएंगे।

### अपाहिज से मोबाइल छीनकर भागा युवक

**फतेहाबाद।** जिले के शहर टोहाना में छीना झपटी की घटनाएं कम नहीं हो रही है। गत दिवस भी बदमाशों ने एक अपाहिज व्यक्ति से उसका मोबाइल छीन लिया और फरार हो गए। इस बारे अपाहिज व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में नरवाना के गांव कालवन निवासी बलजीत सिंह ने कहा है कि वह अपाहिज है। गत दिवस वह टोहाना के सरकारी अस्पताल में दांत का इलाज करवाने के लिए आया था। उसके बाद वह पूर्व मंत्री हरपाल सिंह की हिसार रोड स्थित कोठी के बाहर बैठा था। इसी दौरान एक अज्ञात युवक उसके पास आया और उससे उसका मोबाइल फोन जबरदस्ती छीनकर हिसार रोड की तरफ फरार हो गया। अपाहिज होने के कारण वह उसका पीछा नहीं कर सका।

## कुत्तों की नसबंदी और आवारा पशुओं को पकड़ने का काम कल से होगा शुरू

- नसबंदी पर खर्च होंगे 1390 रुपये प्रति कुत्ता
- महिला पर हमले के बाद पकड़े जा चुके हैं 33 बंदर
- फतेहाबाद में 200 बंदर, 400 आवारा कुत्ते व 300 के करीब आवारा पशु घूम रहे हैं
- कुत्तों की नसबंदी के लिए रॉयल पेट्स को मिला टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पिछले दिनों बंदरों द्वारा एक महिला पर हमले की घटना के बाद जागे नगरपरिषद ने अब बंदरों के साथ कुत्तों की नसबंदी के अलावा आवारा पशुओं को पकड़ने जा रही है। डीएमसी ने मंगलवार को दोनों एजेंसियों को अप्रूवल दे दी है। नगरपरिषद के कार्यकारी अधिकारी राजेन्द्र सोनी के अनुसार दो दिन के अंदर शहर में कुत्तों की नसबंदी और आवारा पशुओं को पकड़ने का काम शुरू हो जाएगा। बता दें कि फतेहाबाद में बंदरों, आवारा पशुओं और कुत्तों का आतंक मचा हुआ है। एक रिकार्ड के अनुसार फतेहाबाद में 200 बंदर, 400 आवारा कुत्ते व 300 के करीब आवारा पशु घूम रहे हैं जोकि लोगों को काटते है या दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। नगरपरिषद ने कुत्तों की नसबंदी के लिए रॉयल पेट्स क्लीनिक ऐलनाबाद को 1390 रुपये प्रति नसबंदी के दर से टेंडर जारी किया है। ऑनलाइन टेंडर में एक ही फर्म ने इसके लिए आवेदन डाला। आमतौर पर ऑनलाइन टेंडर में तीन एजेंसियां आने के बाद ही उसे खोला जाता है लेकिन लोकसभा चुनावों को लेकर लगने वाली आचार सहिंता को देखते हुए नगरपरिषद ने इसी फर्म को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। उक्त फर्म ने 1500 रुपये प्रति कुत्ते की नसबंदी की दर से आवेदन दिया था। नगरपरिषद अधिकारियों ने मोल-भाव करके 1390 रुपये प्रति नसबंदी की दर से फर्म को टेंडर अलॉट कर दिया है। डीएमसी संजय बिश्नोई ने मंगलवार को इस पर अपनी सहमति दे दी है।

### रॉयल इंटरप्राइजेज पकड़ेगी आवारा पशु

शहर में घूम रहे आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए रॉयल इंटरप्राइजेज, रेवाड़ी की फर्म को 920 रुपये प्रति पशु की दर से टेंडर जारी किया गया है। यह टीम शहर से आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला में भेजेगी। नप के डीएमसी संजय बिश्नोई ने फतेहाबाद के बीडीपीओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कर्मचारी बेसहारा पशुओं को पकड़कर बीडीपीओ के हवाले करेंगे। बीडीपीओ इन पशुओं को गोशाला भेजेंगे।

### शहर से पकड़े जा चुके हैं 33 बंदर

बता दें कि फतेहाबाद में एक महिला पर बंदरों के हमले के बाद लोगों के गुस्से को देखते हुए नगरपरिषद ने मथुरा से एक विशेष टीम को बंदरों को पकड़ने के लिए बुलाया था। इस टीम ने फतेहाबाद शहर से 33 बंदरों को पकड़ा था। इन सभी बंदरों को यहां से पकड़कर फिरोजपुर झिरका के जंगलों में छोड़ा गया है।

### डीएमसी ने दी अप्रूवल



कुत्तों की नसबंदी के लिए डीएमसी ने अप्रूवल दे दी है। एक कुत्ते की नसबंदी के लिए फर्म को 1390 रुपये प्रति नसबंदी की दर से भुगतान किया जाएगा। इस अभियान पर 2-3 दिन में काम शुरू हो जाएगा।

-**राजेन्द्र सोनी**, ईओ, नगरपरिषद फतेहाबाद।

## जिले के 14 गांवों में ओलावृष्टि से फसलों को ज्यादा नुकसान पहुंचा

# ओलावृष्टि से टोहाना व भट्टूकलां में 20 फीसदी फसलें नष्ट, डीसी ने भेजी रिपोर्ट

### शनिवार को हुई बरसात

| स्थान | बरसात |
|---|---|
| फतेहाबाद | 2 एमएम |
| टोहाना | 7 एमएम |
| भूना | 2 एमएम |
| भट्टूकलां | 3 एमएम |
| जाखल | 3 एमएम |

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद जिले में पिछले दिनों आई बरसात व ओलावृष्टि से फसलों को 20 फीसदी से ज्यादा नुकसान हुआ है। इनमें टोहाना व भट्टूकलां तहसील शामिल हैं। यह खुलासा उपायुक्त द्वारा इस सम्बंध में प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं राजस्व व आपदा प्रबंधन विभाग के वित्तायुक्त एवं सचिव को भेजी रिपोर्ट में हुआ है।

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते 2 मार्च को जिले में बारिश व ओलावृष्टि हुई थी। जिससे जिले के 14 गांवों में ओलावृष्टि से फसलों को ज्यादा नुकसान पहुंचा। प्रदेश सरकार ने इस बारे उपायुक्त से खराबे की रिपोर्ट मांगी थी। उपायुक्त ने जिले के सभी तहसीलदारों को अपने क्षेत्र में खराबे की रिपोर्ट देने को कहा था। मंगलवार को प्रदेश के अतिरिक्त सचिव एवं राजस्व व आपदा प्रबंधन विभाग के वित्तायुक्त को भेजी रिपोर्ट में बताया गया है कि जिले में सबसे ज्यादा नुकसान भट्टूकलां में हुआ है। यहां 15 व 20 फीसदी गेहूं व सरसों की फसल खराब हुई है। इसके बाद टोहाना में 10 से 15 प्रतिशत फसलें नष्ट हुई है जबकि फतेहाबाद, रतिया, भूना, जाखल व कुलां में ओलावृष्टि से फसलों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। प्रदेश सरकार ने खराबे के मुआवजे को लेकर किसानों से क्षतिपूर्ति पोर्टल पर आवेदन को कहा था।



**फतेहाबाद।** शनिवार को गांवों में हुई ओलावृष्टि। (फाइल फोटो)

### फसलों के लिए लाभदायक है मौसम

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार 6 मार्च को ज्यादातर क्षेत्रों में बादल छाये रहेंगे, जिससे रात्रि तापमान में बढ़ोतरी और दिन के तापमान में गिरावट की संभावना है। 7 से 9 मार्च तक मौसम साफ और खुश्क रहेगा। हवाएं चलेंगी, जिससे तापमान में बढ़ोतरी होगी और रात्रि तापमान में गिरावट आएगी। फतेहाबाद कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश सिहाग ने कहा कि मंगलवार को दिन का तापमान 21 डिग्री व रात का तापमान 7 डिग्री गेहूं की फसल के लिए काफी लाभकारी माना जा रहा है। अभी दो दिन से रात को ठंड पड़ने से गेहूं को फायदा होगा। अगर ज्यादा तेज हवा चलती है तो यह गेहूं की फसल के लिए नुकसानदायक है।

### जिले के 14 गांवो में पड़े थे ओले

बता दें कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते 2 मार्च को फतेहाबाद व जाखल के कई गांवों में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई थी। इससे पहले दिन में अनेक जगह रूक-रूक कर बूंदे बरसती रही और दोपहर बाद गरज-चमक के साथ बारिश हुई। कई गांवों में 3 से 5 मिनट तक ओलावृष्टि होने से गेहूं की फसल को नुकसान का समाचार है। जाखल के कुछ गांवों के अलावा फतेहाबाद के गांव एमपी रोही, धांगड़, खाराखेड़ी, बड़ोपल सहित जिले के 14 गांवों में ओले पड़े थे।

### बर्फीली हवाएं चलने से तापमान गिरा

मंगलवार को उत्तर पश्चिमी बर्फीली हवाएं चलने से तापमान में एक बार फिर गिरावट आ गई। मंगलवार को यहां का तापमान 7 डिग्री गिरकर 7 डिग्री सेल्सियस रह गया जबकि अधिकतम तापमान 20 डिग्री तक गिर गया। तापमान में गिरावट आना गेहूं की फसल के लिए वरदान साबित होगा। बता दें कि लगातार बढ़ रहे तापमान को कृषि वैज्ञानिकों ने गेहूं की फसल के लिए खतरनाक बताया था।

### खराबे की मांगी गई थी रिपोर्ट

सरकार के आदेश पर तहसीलदारों से खराबे की रिपोर्ट मांगी गई थी। फतेहाबाद जिले में फसलों में खराबा 20 प्रतिशत से कम है। सरकार 24 प्रतिशत से कम को खराबा नहीं मानती। इस बारे रिपोर्ट सरकार को भेज दी गई है।

-**राजकुमार भौरिया**, जिला राजस्व अधिकारी, फतेहाबाद

## आईएएस राहुल नरवाल ने संभाला फतेहाबाद के उपायुक्त का कार्यभार

- लघु सचिवालय के प्रांगण में गार्ड ऑफ ऑनर देकर उपायुक्त का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

वर्ष 2016 बैच के आईएएस अधिकारी राहुल नरवाल ने मंगलवार को बाद दोपहर जिला फतेहाबाद के उपायुक्त का कार्यभार संभाल लिया है। इस अवसर पर उन्हें लघु सचिवालय के प्रांगण में गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया गया।

इससे पहले वे अतिरिक्त उपायुक्त भिवानी जिला नगर आयुक्त भिवानी/दादरी व पानीपत के भी नगर निगम आयुक्त भी रह चुके हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी, सीईओ अजय चोपड़ा डीएमसी व आरटीए संजय बिश्नोई, एसडीएम राजेश कुमार, एसडीएम जगदश चंद्र सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियो ने भी उपायुक्त राहुल नरवाल का स्वागत किया पदभार संभालने के बाद नव नियुक्त उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि उनका उदेश्य जिला के लोगों को सुशासन उपलब्ध करवाने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ जिला के हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना रहेगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सरकार ने अ ने क योजनाएं लागू की है। इन योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने में कोई कमी ना रखें। इस कार्य में उनकी ओर से हर संभव मदद करवाई जाएगी। लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई संभव है।



**फतेहाबाद।** डीसी राहुल नरवाल।

इसके अलावा जिला में चल रहे विभिन्न विकास कायार्ं और महत्वपूर्ण परियोजनाओं के निर्माण को समयावधि में पूरा करवाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

वहीं दूसरी ओर उपायुक्त कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा जिला फतेहाबाद के उपायुक्त अजय सिंह तोमर के तबादले उपरांत विदाई एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर नवनियुक्त उपायुक्त राहुल नरवाल का कार्यभार संभालने पर स्वागत किया। अधिकारियों व कर्मचारियों ने अजय सिंह तोमर चिह्न देकर सम्मानित किया और उनके स्वस्थ जीवन व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी, नगराधीश कैप्टन परमेश सिंह, लेखाधिकारी राजेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## नहरी पानी की मांग को लेकर निकाला ट्रैक्टर मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

धिंगतानिया-भंभूर माइनर खरीफ चैनल के निर्माण की मांग को लेकर डेढ़ माह से धरने पर बैठे 15 गांवों के किसानों ने मंगलवार को गांव नटार से लेकर लघुसचिवालय तक ट्रैक्टर मार्च निकाला। अब किसानों ने लघुसचिवालय परिसर में अपने-अपने ट्रैक्टर खड़े कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि खरीफ चैनल के निर्माण की मांग को लेकर किसान संघर्ष समिति का लघुसचिवालय में अनिश्चितकालीन धरना चल रहा है। आज सुबह 15 गांवों के किसान गांव नटार में अपने-अपने ट्रैक्टरों के साथ एकत्र हुए। वहां से ट्रैक्टर मार्च करते हुए सिरसा के लघुसचिवालय के लिए रवाना हुए। सिरसा के बाजारों से होते हुए किसानों का यह ट्रैक्टर मार्च लघुसचिवालय पहुंचा। संघर्ष समिति के प्रधान हीरा सिंह, अमर सिंह घोटिया, चरणजीत सिंह ने बताया कि वर्ष 2014 में इस क्षेत्र के किसानों के लिए दो चैनल (माइनर) बनाने को मंजूरी मिली। इस दौरान दोनों माइनर के लिए बजट को भी मंजूर किया गया। सरकार ने कहा था कि धिंगतानियां प्रथम और द्वितीय माइनर के लिए करीब 54 करोड़ 6 लाख रुपए खर्च होंगे, जबकि दूसरी ओर भंभूर माइनर के निर्माण पर करीब 12 करोड़ 26 लाख रुपए। लेकिन दोनों माइनर का निर्माण आज तक भी नहीं हो पाया। 10 साल बीतने के बाद भी खरीफ चैनल के निर्माण का कार्य शुरू नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि 2019 में दोनों माइनर के लिए बजट भी आ चुका है। निर्माण शुरू नहीं होने में भी 4 साल बीत गए। किसानों ने लघु सचिवालय में पक्का मोर्चा लगाकर धरना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस दौरान सांसद सुनीता दुग्गल तथा विधायक गोपाल कांडा ने भी आश्वासन दिया था कि माइनर का निर्माण शुरू करवा दिया जाएगा, मगर सांसद व विधायक के आश्वासन भी झूठे साबित हुए हैं। चैनल का निर्माण न होने से मंगाला, मोडियाखेड़ा, शहीदांवाली, धिंगतानिया, रंगड़ीखेड़ा, नटार, सलारपुर, खाजाखेड़ा, रामनगरिया, भंभूर, नानकपुर, ढाणी जस्सा राम, टीटूखेड़ा के किसान प्रभावित हो रहे हैं।



**सिरसा।** मांगों को लेकर ट्रैक्टर मार्च निकालते हुए किसान। फोटो : हरिभूमि

## मनचलों की खैर नहीं, बेखौफ घूमेंगी महिलाएं

- महिलाएं डायल 112 के जरिए जुड़कर रहेंगी सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

असामाजिक तत्वों द्वारा लड़कियों के स्कूलों, कॉलेजों, शिक्षण संस्थाओं, बस स्टैंड, कॉरपोरेट सेक्टर के बाहर, बाजारों से गुजरते हुए छेड़छाड, बदतमीजी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस ने ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम शुरू किया है। महिलाओं को घरों से बाहर स्वतंत्र रूप से कार्य करने व सुरक्षित माहौल देने के लिए तथा अभिभावकों द्वारा अपनी बेटियों की सुरक्षा में प्रत्येक एहतियात लेने के बावजूद भी अपराध की घटनाओं को देखते हुए जिला पुलिस की ओर से यह नई पहल की गई है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने कहा है कि महिलाओं को सुरक्षित माहौल देना पुलिस की पहली प्राथमिकता है, इसलिए जिला सिरसा पुलिस द्वारा महिलाओं को डायल 112 से जोड़कर उनकी यात्रा को सुरक्षित करने के लिए जिला पुलिस लगातार प्रयासरत है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस सेवा का लाभ उठाने के लिए महिलाएं डायल 112 पर कॉल करें और इसके अलावा वेब-आधारित फॉर्म के माध्यम से अपनी यात्रा का पंजीकरण करवाकर सुरक्षित यात्रा करें। पंजीकरण फॉर्म का लिंक आवेदक को एसएमएस के माध्यम से भेजा जाएगा। आवेदक को पंजीकरण फॉर्म में यात्रा विवरण के साथ-साथ आपातकालीन नंबर भी भरना होगा क्योंकि आपकी यात्रा के दौरान डायल 112 पर मौजूद पुलिस कर्मियों द्वारा हर आधे घंटे के उपरांत आवेदक को कॉल कर सुरक्षित यात्रा बारे जानकारी ली जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस द्वारा आपातकालीन स्थिति में आवश्यक सहायता के लिए निकटतम ईआरवी को भेजा जाएगा। यात्री द्वारा सांझा किए गए आपातकालीन नंबर पर भी संपर्क किया जाएगा।



**सिरसा।** छात्राओं को डायल 112 के बारे में जानकारी देते महिला पुलिस।

## फव्वारा चौक पर दुकानदार रेहड़ी वालों से वसूल रहे हफ्ता

# दुकानदारों ने किराये पर दे दी सड़क, मिला अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहर के फव्वारा चौक पर इन दिनों रेहड़ियों का जाल बिछा हुआ है। लाल बत्ती चौक व हंस मार्किट से थाना रोड के बीचों-बीच जाने वाले मार्ग पर पूरा दिन रेहड़ियों के कारण दुर्घटना होने का डर बना रहता है। दरअसल, फव्वारा चौक के आसपास के दुकानदारों ने रेहड़ी चालकों को दुकान के आगे की जगह किराये पर देकर उनसे हफ्ता वसूली कर रहे हैं। नगरपरिषद के ईओ राजेन्द्र सोनी का कहना है कि दुकानदारों को अल्टीमेटम दे दिया गया है। बुधवार से यहां अभियान चलाया जाएगा। शहर के मुख्य बाजार हंस मार्किट से थाना रोड पर जाने का एकमात्र मार्ग फव्वारा चौक के आसपास काफी भीड़ रहती है। फव्वारा चौक के बीच बनी फुटपाथ व उसके सामने दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे की जगह किराये पर देकर रेहड़ियां लगवाई जा रही हैं। इतनी बड़ी संख्या में रेहड़ियां लगने से यहां पर हर समय दुर्घटना का भय बना रहता है। एक अनुमान के अनुसार यहां सुबह से शाम तक 20 रेहड़ियां एक साथ लगती है। आसपास के दुकानदार भी परेशान हैं कि उनकी दुकान पर आए ग्राहक को अपना साधन खड़ा करने के लिए कोई जगह नहीं मिलती। यही हाल पालिका बाजार का है। पालिका बाजार में पार्किंग के बाहर दुकानदारों ने अपने आगे की जगह फास्ट फूड रेहड़ी वालों को किराये पर दे रखी है।

शाम को यहां इतनी भीड़ हो जाती है कि यहां से पैदल निकलना तक मुश्किल हो जाता है। नगरपरिषद दफ्तर के बाहर भी यही हालात है। इस बारे नगरपरिषद के ईओ राजेन्द्र सोनी ने कहा कि इसको लेकर दुकानदारों व रेहड़ी चालकों को सूचित कर दिया गया है कि वे सड़क से अपनी रेहड़ियां हटा लें। बुधवार से नगरपरिषद जबरदस्ती यहां से रेहड़ियां हटवा देगी।



**फतेहाबाद।** फव्वारा चौक पर सड़क पर खड़ी रेहड़ियां। फोटो : हरिभूमि

## खेलों से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास : डॉ. ज्योत्सना

**फतेहाबाद।** रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खाराखेड़ी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तीन दिन तक चली इस प्रतियोगिता के पहले दिन कक्षा नर्सरी से तीसरी तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। दूसरे दिन कक्षा चौथी और पांचवीं तथा तीसरे दिन कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया। बच्चों के लिए फ्लैट रेस, सैक रेस, लैमन रेस, हर्डल रेस, जिगजेग रेस, रिवर रेस, थ्री लैग रेस, रिले रेस, फ्रॉग रेस, फ्रंट रोल रेस आदि खेलों का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने इन खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। जितेंद्र, दीक्षा, रतन, सना आदि खेल प्रशिक्षकों द्वारा सुचारू रूप से प्रतियोगिताओं का संचालन किया गया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक से विभूषित किया गया। इस अवसर पर स्कूल निदेशक डॉ. युद्धवीर सिंह, स्कूल संचालिका डॉ. ज्योत्सना, प्रशासक विक्रमादित्य, सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल डीवी नेहरा, प्रिंसिपल डॉ. आरए प्रभाकर मौजूद रहे। डॉ. ज्योत्सना ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भाग लेने से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है।



**फतेहाबाद।** रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल में विजेताओं को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक।



## सारा स्टारर मर्डर मुबारक का ट्रेलर आया सामने

**मुंबई।** फिल्म मर्डर मुबारक का टीजर जब रिलीज हुआ था तो उसे काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। दर्शकों को ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार था, जो अब रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरुआत होती है एक क्लब से, जिसमें पंकज त्रिपाठी का वॉइस ओवर आता है द रॉयल दिल्ली क्लब जिसे ब्रिटिश ने बनाया था, ब्रिटिश के लिए। अब अंग्रेज चले गए और छोड़ गए ये मेंबर्स जो अंग्रेज से ज्यादा अंग्रेज हैं। इस दौरान क्लब के हैप्पी मोमेंट्स दिखाए जाते हैं, जहां सारा अली खान डांस करती दिखती हैं।



## बस्तर का दहलाने वाला ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह, सुदीप्तो सेन और अदा शर्मा की अगली फिल्म 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस ट्रेलर ने लोगों के एक्साटइमेंट को और भी बढ़ा दिया है। सुदीप्तो सेन के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' के 2 मिनट और 35 सेकंड के इस ट्रेलर में अदा शर्मा फिर से अपने बेजोड़ अंदाज में दिख रही हैं। इस ट्रेलर की शुरुआत में कुछ दिल दहला देने वाली झलकियां हैं और कहा जा रहा है कि इंडियन नक्सली आईएसआईएसआई और बोको हरम के बाद दुनिया का तीसरा सबसे खतरनाक आतंकवादी संगठन है।




## क्रू के गाने पर तब्बू, करीना और कृति ने बिखेरे रंग

**मुंबई।** इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्म क्रू का पहला ट्रैक 'नैना' रिलीज हुआ है। इस म्यूजिक वीडियो में फिल्म की तीनों लीड एक्ट्रेसेस तब्बू, करीना और कृति काफी ग्लैमरस दिख रही हैं, जिनके इर्द-गिर्द फिल्म की पूरी कहानी दर्शकों को खूब एंटरटेन करने वाली है। फिल्म का ये गाना दिलजीत दोसांझ और बादशाह ने मिलकर तैयार किया है। अपने अनोखे अंदाज और बेमिसाल स्वैग के लिए जाने जाने वाले, दिलजीत और बादशाह ने 'नैना' को अपने धमाकेदार एनर्जी और कैची बीट्स से भर दिया है, जिसके लिए वे खासकर जाने भी जाते हैं।



# नए प्रोजेक्ट से आमिर का भयानक लुक वायरल

**मुंबई।** आमिर खान के फैंस उनकी अपकमिंग मूवी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच उनकी कुछ फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जो थोड़ी सी अजीब हैं। इन फोटोज ने फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। 'तारे जमीन पर' में ईशान अवस्थी का किरदार निभाने वाले चाइल्ड आर्टिस्ट दर्शील सफारी भी उनके साथ नजर आ रहे हैं। दोनों 16 साल बाद फिर से काम कर रहे हैं। वायरल फोटो में आमिर के हाथ में कुछ है। उनका लुक हैरान कर देने वाला है। बाल लंबे और बिखरे हुए हैं। ऐसा लग रहा है कि चेहरे पर गंदगी लगी है। दांत भी काले और गंदे हैं।

## लाइफ Style

# किआरा

## आसमान छू रही फीस

एजेंसी ▶▶ मुंबई


बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस किआरा आडवाणी ने इंडस्ट्री को कई हिट फिल्में दी हैं। इसके चलते इनकी कीमतें बढ़ गई हैं। अरे आपने क्या समझा, हमारे कहने का मतलब है कि उन्होंने आने वाली फिल्म 'डॉन 3' के लिए अपनी फीस बढ़ा दी है। हालांकि, अभी तक इस पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

फिल्म में रणवीर सिंह एक डॉन की भूमिका में नजर आने वाले हैं। पहली डॉन में अमिताभ बच्चन थे, दूसरी फिल्म में शाहरुख खान थे, अब कमान रणवीर सिंह ने अपने हाथ में ले ली है। कियारा आडवाणी को लेकर खबर है कि वह 'डॉन 3' में अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल जीतने वाली हैं। साथ ही वह मेकर्स की धड़कनें भी बढ़ा रही हैं क्योंकि सूत्रों के हवाले से खबर आई है कि वह अपनी फीस बढ़ा रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेकर्स ने फिल्म के लिए दो एक्ट्रेस के नाम शॉर्टलिस्ट किए हैं, कियारा का नाम रणवीर ने इसलिए दिया है क्योंकि उनके बीच अच्छी आपसी बॉन्डिंग है।

मिली जानकारी के मुताबिक कियारा 'डॉन' फ्रेंचाइजी की 'डॉन 3' के लिए 13 करोड़ रुपए चार्ज कर रही हैं। बता दें कि यह फीस ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म 'वॉर 2' के लिए ली गई फीस से 50 फीसदी ज्यादा है। ऐसे में अब कहा जा सकता है कि एक्ट्रेस अपनी फीस 50 फीसदी तक बढ़ाने जा रही हैं। किराया और रणवीर सिंह स्टारर 'डॉन 3' साल 2025 में आएगी। इसकी शूटिंग 2025 में शुरू होगी। इस फिल्म का इंतजार लोगों को लंबे समय से था। लेकिन वह इसमें शाहरुख खान की उम्मीद कर रहे थे, जो कि पॉसिबल नहीं हुआ।



## हॉलीवुड मसाला



# ट्रोमी संग वायरल हुईं तस्वीरें

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड सिंगर जो जोनस इस समय अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। जो जोनस इन दिनों स्ट्रोमी बी को डेट कर रहे हैं। इस रयूमर्ड कपल को अक्सर एक-साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करते देखा गया है। अब एक बार फिर इस रयूमर्ड कपल की कुछ तस्वीरें सामने आईं हैं। कपल अमेरिका के सिडनी में क्वालिटी टाइम स्पेंड करते दिख रहा है। लुक की बात करें तो जो जोनस ब्लू टी-शर्ट और रिप्ड जींस में हैंडसम लग रहे हैं।



# रयूमर्ड बॉयफ्रेंड संग डेट पर निकलीं सोफी

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस सोफी टर्नर इन दिनों पेरेग्रीन पियर्सन को डेट कर रही हैं। अक्सर इस कपल को आउटिंग के दौरान स्पॉट किया जाता है। हाल ही सोफी को पेरेग्रीन पियर्सन को साथ पेरिस के एक रेस्टोरेंट के बाहर देखा गया। इस दौरान सोफी ने ब्लैक ओवर कोट पेयर किया था जिसमें वह स्टाइलिश लग रही थीं। मिनिमल मेकअप सोफी के लुक को परफेक्ट बना रहा था। सोफी संग पेरेग्रीन का नाम उस समय जुड़ा था जब दोनों की कोजी तस्वीरें सामने आईं ती। तस्वीरों में दोनों पेरिस के सड़क के बीचों बीच लिपलॉक करता दिखा था। बता दें कि पेरेग्रीन पियर्सन का पूरा नाम पेरेग्रीन जॉन डिकिंसन पियर्सन है लेकिन उन्हें पेरी कहा जाता है। वह 29 साल ब्रिटिश यंगस्टर हैं, जो एक अमीर परिवार से आते हैं।



# महारानी 3 ओटीटी पर कल होगी स्ट्रीम

**मुंबई।** आखिरकार इंतजार खत्म हुआ। सोनी लिव पर जल्द ही हुमा कुरैशी की महारानी 3 स्ट्रीम होने वाली है। जी हां नए सीजन में धमाकेदार एक्शन के साथ दमदार कहानी दर्शकों का दिल जीत लेगी। फैंस महारानी के अपकमिंग सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दरअसल महारानी के बाकी 2 सीजन सोनी लिव पर ही आए थे। ऐसे में तीसरा सीजन भी यहीं आएगा। सोनी लिव ने लिखा, बंदूक कमजोर लोग चलाते हैं, समझदार लोग दिमाग! महारानी 3 में रानी का बदला देखें। महारानी 3, 7 मार्च को स्ट्रीम होगी। 'महारानी' 2021 में शुरू हुई एक हिंदी भाषा की ड्रामा स्ट्रीमिंग टेलीविजन सीरीज है, जो सुभाष कपूर की ओर से बनाई गई है। शो में हुमा कुरेशी मुख्य भूमिका में हैं, जिसमें सोहम शाह, अमित सियाल, कानी कुसरुति और इनामुलहक जैसे कलाकार शामिल हैं।



# एडवांस बुकिंग में 'शैतान' को मिला शानदार रिस्पॉन्स

**मुंबई।** अजय देवगन की फिल्म 'शैतान' रिलीज होने वाली है। फिल्म के ट्रेलर को काफी उत्साहजनक रिस्पॉन्स मिला। इसकी एडवांस बुकिंग ओपन कर दी गई है और पहले दिन के आंकड़े देखकर लग रहा है ओपनिंग अच्छी रहने वाली है। शैतान फिल्म की एडवांस बुकिंग 3 मार्च को शुरू हुई। दर्शकों को फिल्म देखने में दिलचस्पी है। टिकटों की संख्या दिखा रही है कि ओपनिंग डे पर घरेलू बॉक्स ऑफिस पर यह बेहतर प्रदर्शन करने वाली है। रिपोर्ट के अनुसार, शैतान ने एडवांस बुकिंग के पहले ही दिन 4115 टिकट बेचे हैं। टिकटों की कुल संख्या का मतलब है कि 9.80 लाख रुपए टिकटों की बिक्री हुई। पहले ही दिन फिल्म ने लगभग 10 लाख रुपए का कलेक्शन कर लिया है। अभी इसमें ब्लॉक की गई सीटें शामिल नहीं हैं। ये केवल कन्फर्म बुकिंग हैं।

# दिखीं एनिमल डायरेक्टर के संग



**मुंबई।** उर्वशी रौतेला के फैंस उनके अपकमिंग प्रॉजेक्ट के बारे में जानने के लिए बेताब रहते हैं। इसी बीच एनिमल के डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा के साथ उनकी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसे देखने के बाद फैंस सवाल कर रहे हैं कि वह एनिमल डायरेक्टर के साथ अगले प्रोजेक्ट में नजर आने वाली हैं। सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिनमें उर्वशी रौतेला और संदीप रेड्डी वांगा से गहन बातचीत करते नजर आ रहे हैं। नेटिजंस का एक वर्ग अनुमान लगाता है कि वे निकट भविष्य में एक साथ काम करने के अवसर पर चर्चा कर रहे होंगे। काम के मोर्चे पर, अक्षय कुमार के साथ 'वेलकम 3' में उर्वशी रौतेला, बॉबी देओल, दुलकर सलमान, नंदमुरी बालकृष्ण के साथ 'एनबीके109', सनी देओल और संजय दत्त के साथ 'बाप' (हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर एक्सपेंडेबल्स का रीमेक), रणदीप हुडा, ब्लैक रोज के साथ 'इंस्पेक्टर अविनाश 2', जैसे प्रोजेक्ट्स में वह नजर आएंगी।

# स्वातंत्र्य वीर सावरकर : आज के युवाओं के लिए एक उपहार

**मुंबई।** आनंद पंडित कहते हैं, 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' भारत के आज के युवाओं के लिए एक उपहार है। फिल्म के निर्माता ने कहा कि वह हमेशा से सावरकर के बारे में एक फिल्म बनाना चाहते थे क्योंकि वह उनसे गहराई से प्रेरित हैं। फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' के ट्रेलर को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिलने के बाद, विनायक दामोदर सावरकर के जीवन और समय पर आधारित बायोपिक के निर्माता आनंद पंडित ने कहा कि 22 मार्च को फिल्म रिलीज होने के बाद इतिहास फिर से लिखा जाएगा। फिल्म आनंद पंडित मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनी है। आनंद ने कहा, मेरा मानना है कि वह देश में पैदा हुए सबसे महान राष्ट्रवादियों में से एक हैं। उनके बारे में और अधिक पढ़ने और उनके जीवन को समझने के बाद, मुझे उनकी उल्लेखनीय कहानी में गहरी प्रेरणा मिली। उनके बारे में एक फिल्म बनाना एक लंबे समय से संजोया गया सपना रहा है, और 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' उस आकांक्षा की प्राप्ति है।




### सावरकर को सच्ची श्रद्धांजलि

अभिनेता रणदीप हुडा द्वारा निर्देशित यह फिल्म सावरकर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फिल्म सावरकर की सच्ची कहानी को उजागर करेगी, जिससे लोगों को भारत के इतिहास में उनके योगदान और महत्व समझने का अवसर मिलेगा। पंडित ने सावरकर के सफल चित्रण के लिए रणदीप हुड्डा के समर्पण और शारीरिक परिवर्तन सहित उनके द्वारा की गई कड़ी मेहनत और प्रयासों की भी प्रशंसा की। इस फिल्म में अंकिता लोखंडे और अमित सियाल ने अन्य प्रमुख भूमिका निभाई हैं, जो दुनिया भर में हिंदी और मराठी भाषाओं में रिलीज होगी।



# कास्टिंग काउच का शिकार होते-होते बची थीं अंकिता

**मुंबई।** अंकिता लोखंडे को कास्टिंग काउच का सामना करना पड़ा था। इसके बाद उन्होंने कभी फिल्मों में काम न करने की इच्छा जताई थी। एक इंटरव्यू में, अंकिता ने शेयर किया कि जब वह फिल्म के लिए साइनिंग अमाउंट लेने गई तो उनसे कहा गया कि उन्हें निर्माता के साथ कॉम्प्रोमाइज होगा। अंकिता ने कहा, एक साउथ फिल्म के लिए बॉम्बे में मेरे साथ ऐसा हुआ। मुझे फोन आया, आपका सलेक्शन हो गया है। मैंने ऑडिशन दिया था, मैंने कहा, ठीक है, मैं आ रही हूं। मुझे जाना है और सिर्फ साइन करना है। मैंने अपनी मां से कहा, 'मैं फिल्म साइन करने जा रही हूं। मुझे साइनिंग अमाउंट मिल जाएगा। हालांकि, मैं असमंजस में थी कि यह इतनी आसानी से कैसे हो गया, मेरी किस्मत इतनी अच्छी नहीं है। जब मैं वहां गई, तो मुझे कमरे के अंदर अकेले बुलाया गया, जबकि मेरे साथ वाले को बाहर इंतजार करने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा, आपको समझौता करना होगा। मैं उस समय सिर्फ 19 साल की थी।

## खबर संक्षेप

### बाजार में महिला का पर्स चुराया, केस दर्ज

**सिरसा।** पुलिस को दी शिकायत में गांव नेजाडेला कलां निवासी परमजीत कौर ने बताया कि वह मीना बाजार में खरीदारी के लिए गई थी। उसके हाथ में एक थैला था, जिसमें उसका पर्स था। मीना बाजार में कॉस्मेटिक का सामान खरीदते वक्त किसी ने उसके हाथ में लिए थैले को ब्लेड से काटकर नकदी वाला पर्स चोरी कर लिया।

### दुकान के ताले तोड़कर नकदी व सामान चुराया

**सिरसा।** डिंग मंडी क्षेत्र में संघा रोड पर एक रेडीमेड कपड़ों की दुकान के ताले तोड़कर चोर 1200 रुपए की नकदी व हजारों रुपए के सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव पतली डाबर निवासी दुकान संचालक जगजीत सिंह ने बताया कि वह संघा रोड पर रेडीमेड कपड़ों की दुकान करता है।

### वातानुकूलित इकाइयों के लिए मिलेगा अनुदान

**फतेहाबाद।** उद्यान विभाग, हरियाणा ने प्रदेश में वर्ष 2023-24 में वातानुकूलित इकाइयों को स्थापित करने के लिए किसानों को एक सुनहरा अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया है। योजना के अनुरूप कोल्ड स्टोरेज, ग्रेडिंग पैकिंग इकाई, फल पकाने वाला चेंबर नियंत्रित वातावरण चेंबर, सोलर रुफ टॉप, वातानुकूलित वैन मदों के तहत 35 प्रतिशत अनुदान हेतू आवेदन आमंत्रित किए हैं।

### श्री अमर ज्योति मंदिर का महोत्सव 8 मार्च से

**फतेहाबाद।** श्री अमर ज्योति मंदिर का 41वां वार्षिक महोत्सव एवं सतगुरू बाबा श्री अमर लाल जी का 1074वां प्रकटोत्सव 8 अप्रैल से 10 अप्रैल तक धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। इस वार्षिक महोत्सव में मुख्यअतिथि के तौर पर शहर के प्रमुख समाजसेवी अशोक मित्तल भाग लेंगे और श्रीरामायण जी के पाठ का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ मंदिर के वार्षिक महोत्सव का भी आगाज होगा।

### भाजपा डूबने वाला जहाजः शर्मा

**सिरसा।** युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव मोहित शर्मा ने लोगों से चर्चा के दौरान कहा कि भाजपा का जहाज डूबने वाला है। देश व प्रदेश की जनता इस जहाज को आगामी चुनावों में वोट की चोट से डूबोने का काम करेगी। इस दौरान मोहित के आह्वान पर राजकुमार मेहता ने अपने साथियों मोहित मेहता, दीपांशु बजाज, गुलशन बजाज, सागर सचदेवा, निहाल सिंह, रोहताश, दयाल चंद, गुलशन तनेजा, मुकेश वर्मा व गौरव अरोड़ा ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मार्च को : सीजेएम

**फतेहाबाद।** जिला फतेहाबाद मुख्यालय व उपमंडल रतिया व टोहाना के न्यायिक परिसर में 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव समप्रीत कौर ने बताया कि लोक अदालत में विभिन्न अदालतों में लंबित मुकदमों अपराधिक, एनआई एक्ट, बैंक रिकवरी, एमएसीट, श्रम विवाद, बिजली व पानी बिल, वैवाहिक विवाद, भूमि अधिग्रहण की सुनवाई की जाएगी।

### ऑनलाइन हाजिरी का कर रहे विरोध

# ग्रामीण सफाई कर्मचारियों, चौकीदारों व पम्प ऑपरेटरों का धरना जारी

**कर्मचारियों को शोषण और बेगार की दलदल में धकेलना चाहती है प्रदेश सरकार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** डीसी कार्यालय के बाहर धरना देते ग्रामीण सफाई कर्मचारी, चौकीदार और पम्प ऑपरेटर।

ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों, ग्रामीण चौकीदारों और पम्प ऑपरेटरों ने मंगलवार को दूसरे दिन भी डीसी कार्यालय के बाहर धरना जारी रखा और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दूसरे दिन धरने की अध्यक्षता ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के फतेहाबाद ब्लाक प्रधान पवन कुमार और भूना ब्लाक प्रधान अनिल कुमार बोस्ती ने संयुक्त रूप से की। धरने का संचालन जिला प्रधान बलबीर सिंह द्वारा किया गया। कर्मचारियों ने पंचायत विभाग हरियाणा द्वारा ग्रामीण सफाई कर्मियों, चौकीदारों और ट्यूब्वैल ऑपरेटरों की मोबाइल एप के माध्यम से हाजिरी लगाकर सरपंच को मानदेय/वेतन भुगतान का बिल बनाने का अधिकार देने का विरोध किया।

धरने को संबोधित करते हुए जिला प्रधान बलबीर सिंह व जिला सचिव बेगराज ने कहा कि मोबाइल ऐप के माध्यम से हाजिरी लगाकर सरपंच को मानदेय/वेतन भुगतान का बिल बनाने का अधिकार देकर सरकार इन कर्मचारियों को शोषण और बेगार की दलदल में धकेलना चाहती है, जिसको सीटू किसी भी सूरत में सहन नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा समर्थित सरपंच एसोसिएशन की मांग पर मुख्यमंत्री ने मोबाइल ऐप में ऑनलाइन हाजिरी लगाकर मानदेय भुगतान का बिल बनाने का अधिकार सरपंच को देने का निर्णय घोर कर्मचारी विरोधी है। हरियाणा में किसी भी चुने हुए प्रतिनिधि को किसी कर्मचारी की हाजिरी लगाने का अधिकार नहीं है तो सफाई कर्मियों, चौकीदारों और जल कर्मियों के वेतन का बिल बनाने का अधिकार सरपंच को क्यों दिया जा रहा है।

### लगातार 7 मार्च तक किए जाएंगे धरना प्रदर्शन

उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से सरकार अपने कुछ चहेतों को निजी कर्मचारी उपलब्ध करवा रही है। इससे हर रोज गांव स्तर पर पंचायतों और कर्मचारियों के बीच झगड़े पैदा होंगे और कर्मचारी गुलाम बनकर रह जाएंगे। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के कोषाध्यक्ष हरपाल सिंह, भूना ब्लॉक के प्रधान अनिल कुमार बोस्ती व फतेहाबाद के ब्लॉक प्रधान पवन कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा अपनाई जा रही ऑनलाइन प्रणाली की बजाय ऑफलाइन हाजिरी लगाई जाए। हाजिरी लगाने का अधिकार ग्राम पंचायत की बजाय 5-6 गांवों का जोन बनाकर सुपरवाइजर भर्ती कर उसे दिया जाए। सुपरवाइजर के माध्यम से ही काम की देखरेख और हाजिरी लगवाई जाए। इसके अलावा कर्मचारियों ने 29 नवंबर 2023 के समझौते अनुसार मानी गई मांगों को तुरंत लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि गुलामी के इस फरमान ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था के खिलाफ लगातार 7 मार्च तक जिला व ब्लॉक स्तर पर धरने प्रदर्शन किए जाएंगे। अगर इसके बाद भी सरकार ने अपना फैसला वापस नहीं लिया तो आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया जाएगा। आज के धरने में रामपाल बैजलपुर, ओम प्रकाश गोरखपुर, पवन कुमार सिंथला, अश्विन चंद्रावल, शारदा देवी, दर्शना देवी, संजू, कश्मीर कौर, धौलू, सुरेंद्र कुमार, पवन, साहब राम सहित काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद थे।


**सिरसा।** मांगों को लेकर विरोध जताते मजदूर।

# 14 को डीसी कार्यालय का घेराव करेंगे मजदूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

मजदूर वर्ग की समस्याओं में मांगों को लेकर भवन निर्माण कामगार यूनियन इकाई चक जालू की बैठक आज संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान पालाराम ने की। इस मौके पर जिला सचिव नत्थूराम भारूखेड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के चलते आज मजदूर दर-दर की ठोकर खाने को मजबूर है। पिछले 3 वर्षों से कन्यादान व शादी सहायता के फॉर्म रिजेक्ट कर दिए गए हैं। बार-बार वार्ता करने के बावजूद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही। 90 दिन की वर्क स्लिप पटवारी, ग्राम सचिव पास नहीं कर रहे। अगर वर्क स्लिप पास नहीं हुई तो कोई मजदूर सुविधा के फॉर्म नहीं भर सकेगा। छात्रवृत्ति के लिए फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 31 मार्च है। जबकि 90 प्रतिशत मजदूरों की वर्क स्लिप पास नहीं है ऑनलाइन काम भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। मजदूर रोज लेबर डिपार्टमेंट के चक्कर काट रहा है। अधिकारी कहते हैं कि हमारे हाथ में कुछ नहीं है। मजदूर का आर्थिक शोषण हो रहा है।

उन्होंने कहा कि 90 दिनों की वर्कशीट के लिए और कैंसिल हुए सुविधा के फार्म के लिए अब संघर्ष किया जाएगा और 14 मार्च को डीसी ऑफिस का घेराव किया जाएगा। मौके पर जोतराम, रामकुमार, भागाराम, वेदप्रकाश, सुरेंद्र रिसालियाखेड़ा, जगदीश, महेंद्र, सुभाष, सेवाकरण, छोटू राम आदि उपस्थित रहे।

### गुरु जंभेश्वर महाराज के समाधि स्थल मुकाम धाम में 10 मार्च को भरेगा विशाल फाल्गुन मेला

**डबवाली।** बिश्नोई समाज का सबसे बड़ा मेला फाल्गुन कृष्ण पक्ष की अमावस्या पर 8 से 12 मार्च तक बीकानेर से 80 किलोमीटर दूर गुरु जंभेश्वर महाराज के समाधि स्थल मुकाम धाम में भरेगा। पांच दिन चलने वाले इस मेले में देश और विदेशों में रहने वाले समाज के लोग गुरु जंभेश्वर महाराज को धोक लगाने पहुंचेंगे। यह जानकारी देते हुए बिश्नोई सभा डबवाली के सचिव इंद्रजीत बिश्नोई ने बताया कि इस बार इस मेले में करीब 7 लाख लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। इस बार 9 मार्च की शाम 6 बजकर 18 पर अमावस्या लगेगी। अमावस्या की रात्रि का जागरण होगा। 10 मार्च की सुबह अमावस्या के दिन सूर्य उदय के साथ विशाल हवन-यज्ञ मुकाम समराथल धोरे पर होगा। मेला भी 10 मार्च को भरेगा।

# पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जरूरी : अशन कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


**सिरसा।** विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते अशन कुमार।

जेसीडी विद्यापीठ में 18वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का मंगलवार को संपन्न हो गई। समापन समारोह अवसर पर भारतीय कबड्डी कोच, द्रोणाचार्य एवं अर्जुन अवॉर्डी अशन कुमार सांगवान बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। मुख्यातिथि अशन कुमार सांगवान ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज यहां जेसीडी में एथलेटिक्स के मुकाबले देख कर बहुत खुशी हुई। यहां हर तरह की सुविधा है जो एक खिलाड़ी के लिए जरूरी होती है। जीवन में समय के सदुपयोग की सीख भी छात्र खेलकूद के जरिये सीखते हैं। अनुशासन, प्रतिस्पर्धा और असफलता को झेलना और खुशी को स्वीकार करने की क्षमता का विकास होता हैं। पढाई के साथ साथ खेलकूद देश के भविष्य को स्वस्थ और बहुत मजबूत बनाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ सवांर्गीण विकास भी जरूरी है। समय- समय पर खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन भी समाज में पर्व से माहौल को जन्म देते हैं।



### आमजन से मैत्रीपूर्ण व्यवहार करे पुलिसः विक्रांत भूषण

**सिरसा।** पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिला के डीएसपी, थाना प्रभारियों, सीआईए स्टाफ तथा एंटी नारकोटिक सेल की बैठक में कड़े निर्देश दिए। उन्होंने थाना प्रभारियों तथा विभिन्न सेल प्रभारियों को निर्देश दिए कि जिला पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों तथा गैर कानूनी धंधा करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में और तेजी लाएं और आमजन से मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर आपराधिक तत्वों पर शिकंजा कसे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशे जैसी समाजिक बुराई को मिटाने के लिए लोगों का सहयोग लें और नशे के खिलाफ अभियान में भाग लें।

# ममता बनर्जी का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


**सिरसा।** पश्चिम बंगाल में संदेशखाली में हुई घटना के विरोध में प्रदर्शन करते एबीवीपी कार्यकर्ता

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुए जघन्य अपराध जैसी घटनाओं के विरोध मे ममता बनर्जी का पुतला फूंका और प्रशासनिक अधिकारियों को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। अमन वर्मा, सुधीर चोपड़ा, सन्नी मेहता, जोनी गुज्जर, संजीव, करणवीर आदि ने बताया कि संदेशखाली में माताओं-बहनों के साथ लगातार अत्याचार की घटनाएं हो रही हैं और ममता सरकार आरोपियों को संरक्षण देने का काम कर रही है। शास्त्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में संदेशखाली की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। महिलाओं का यौन उत्पीड़न और उनके साथ हुई बर्बरता मामले में बंगाल सरकार की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ममता सरकार की प्रवृति शुरू से ही अराजक रही है। प्रदेश में अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ है। तृणमूल कांग्रेस से संरक्षण प्राप्त कर हिंसा, अवैध व्यापार, महिलाओं के उत्पीड़न और हिंसा की घटनाएं लगातार हो रही है।


**सिरसा।** ऑल इंडिया मजहबी सिख वेल्फेयर एसोसिएशन के सदस्य बैठक करते

### ऑल इंडिया मजहबी सिख वेलफेयर एसो. की हुई बैठक

**ऐलनाबाद।** ऑल इंडिया मजहबी सिख वेल्फेयर एसोसिएशन की एक बैठक ऐलनाबाद की अनाजमंडी में मजदूर एसोसिएशन के साथ आयोजित की गई। बैठक में एसोसिएशन द्वारा आगामी 10 मार्च को रतिया के बुढलाडा रोड स्थित ईडन गार्डन पैलेस में करवाए जाने वाले 6वें वार्षिक चेतना सम्मेलन में अधिक से अधिक समाज के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ड्यूटियां लगाई गई। एसोसिएशन के राष्ट्रीय समन्वयक सविंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष राज सिंह मट्टू, बाबा रणधीर सिंह, प्रधान धार्मिक विंग, सविंद्र सिंह खालसा व हरभजन सिंह खैरपुर ने संयुक्त रूप से बताया कि रतिया में आगामी10 मार्च को विशाल चेतना सम्मेलन किया जाएगा। सम्मेलन में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, चंडीगढ़, दिल्ली सहित कई रा'यों से समाज के लोग काफी संख्या में एकत्रित होंगे। उन्होंने बताया कि चेतना सम्मेलन में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एसोसिएशन द्वारा प्रदेशभर में पदाधिकारियों की ड्यूटियां लगाई जा रही है। कार्यक्रम को लेकर ऐलनाबाद में एसोसिएशन की ओर से ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक समन्वयक नियुक्त किए हैं।

# स्टाफ-अभिभावक संघर्ष समिति ने डीसी के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- **हेलन केलर स्कूल के प्रिंसिपल को हटाने की मांग पर अड़े**

दृष्टिबाधित बच्चों को समर्पित हेलन केलर स्कूल के स्टाफ-अभिभावक संघर्ष समिति की ओर से स्कूल में चल रही अनियमितताओं को लेकर उपायुक्त कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना जारी है। समिति पदाधिकारियों ने तहसीलदार को जिला उपायुक्त के नाम एक ज्ञापन सौंपा। तहसीलदार ने स्टाफ सदस्यों व अभिभावकों को आश्वस्त किया कि वे जल्द उपायुक्त से स्टाफ की मीटिंग करवाएंगे और समस्या का समाधान करवाएंगी। स्कूल प्रिंसिपल राजेश कुमार सहित स्टाफ सदस्यों ने रमता सोनी को बाहर करो, दिव्यांगों को शिक्षा का अधिकार दो, न्याय दो के नारे लगाते हुए रोष प्रकट किया। उन्होंने बताया कि जब से रमता सोनी स्कूल की चेयरमैन बनी है, तब से स्कूल में अनियमितताओं का माहौल है। संस्था की चेयरमैन सोनी का व्यवहार बच्चों के प्रति ठीक नहीं है।

### चेयरमैन को हटाये जाने तक जारी रहेगा धरना

उन्होंने बताया कि 2014-2015 में रमता सोनी को स्कूल में सचिव लगाया था। उस वक्त भी स्कूल में काफी विवाद हुआ था। इसके बाद से स्कूल बढ़िया तरीके से चल रहा था, लेकिन एक बार फिर कुछ समय से रमता सोनी को स्कूल का चेयरमैन बना दिया और जब से उन्हें चेयरमैन बनाया गया है, तब से स्कूल में वही हालात पैदा हो गए हैं। स्टाफ का वेतन समय पर नहीं दिया जा रहा। बच्चों के अकारण नाम काटकर घर भेजा जा रहा है। यही नहीं लंबे समय से स्कूल में बच्चों को पढ़ा रहे स्टाफ को बजट का अभाव बताकर नौकरी से निकाला जा रहा है, जोकि समझ से परे की बात है। उन्होंने कहा कि जब तक स्कूल को जिला प्रशासन के अंतर्गत नहीं लिया जाता और रमता सोनी को पद से नहीं हटाया जाता, धरना अनवरत जारी रहेगा।


**टोहाना।** शोभा यात्रा को रवाना करते मुख्यअतिथि।

### शिव जयंती के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने निकाली शोभायात्रा

**टोहाना।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शिव जयंती के उपलक्ष्य में शोभा यात्रा का आयोजन बीके वंदना व बीके कौशल्या की अध्यक्षता में किया गया। यात्रा का शुभारंभ मुख्यातिथि के रुप में उपस्थित हुए नप वाईस चेयरपर्सन प्रतिनिधि बलदेव सैनी ने झंडी दिखाकर किया। इस शोभायात्रा में विशाल शिवलिंग तथा सिर पर क्लश धारण किये महिलाएं व हाथ में धर्म ध्वजा लिये श्रद्धालुगण भी शामिल थे। यह शोभायात्रा रेलवे रोड स्थित ब्रह्माकुमारी सेंटर से रवाना होकर नेहरु मार्केट, घंटाघर चौक, तहसील लिंक रोड, रतिया रोड से चंडीगढ़ रोड से होते हुए यूनियन बैंक के पीछे स्थित ब्रह्माकुमारीज के नए भवन पर जाकर समाप्त हुई। इस दौरान ब्रह्मा कुमारीज बीके वंदना ने बताया कि 7 मार्च को चंडीगढ़ रोड स्थित ब्रह्मकुमारी सेंटर के नए भवन में शिवरात्रि का पर्व बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। रामलाल पाहवा, कुलवंत राये, खुशगिर, रोशनलाल, सुशील गुप्ता, संजीव पाहवा, अजय सिंघल, केशव बंसल आदि थे।

### महाशिवरात्रि महोत्सव में प्रवचन का आयोजन

# भगवान शंकर हर बुराई को करेंगे दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- **श्री आदि शक्ति पीठ महाकाली मंदिर (मढ़ी) सेवा समिति की ओर से लगाए भंडारे**

श्री आदि शक्ति पीठ महाकाली मंदिर (मढ़ी) सेवा समिति की ओर से 55वें वार्षिक महाशिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में शिव विवाह एवं भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन की सभा में कथावाचक वृंदावन से आये पंडित अरविंद कृष्णम महाराज ने कथा की व भजनों के माध्यम से माहौल आध्यात्मिक कर दिया। उन्होंने भजनों के जरिए कहा कि मानव जीवन मिला है, यह जीवन बीतता जा रहा है। ऐसे में समय रहते हमें प्रभू सिमरन कर लेना चाहिए। इससे हमारा जीवन संवर जाएगा। अच्छे कर्म करते रहें। अपने मन से बुराई, ईर्ष्या को निकाल देना चाहिए।



**फतेहाबाद।** वार्षिक उत्सव में कथा करते पंडित अरविंद कृष्णम महाराज।

### भंडारे वाले बाबा का विशेष सहयोग रहा

उन्होंने कहा कि भगवान शंकर हमारी हर बुराई को दूर कर देंगे, बस जरूरत है सच्चे मन व भावना से उनका सिमरन करें। समिति प्रधान हरबंस लाल वधवा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। भंडारे वाले बाबा चरणजीत शर्मा का विशेष सहयोग रहा। स्वर्गीय पंडित हंसराज शर्मा व स्वर्गीय श्याम लाल शर्मा के आशीर्वाद से आयोजित 4 दिवसीय इस कार्यक्रम में पंडित अरविंद कृष्णम महाराज कथा करेंगे। मन्दिर समिति सेवादार संजय शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में माता सत्यम देवा विशेष तौर पर मौजूद रहेंगी। भजन गायक अमित मुंजाल, बाल कृष्ण रतन, ईशा सरल, पंकज मेहता, बब्बू एवं सचिन सरल भी भजन प्रस्तुत करेंगे। मंच संचालन महेंद्र मदान ने किया। इस मौके पर प्रेम तनेजा, मोहन लाल असीजा, हंसराज नारंग, टीटू ढींगड़ा, राजकुमापर ढींगड़ा पहुंचे। सेवादारों में गगन शर्मा, गौरव शर्मा, संजय शर्मा, मनोहर हंबीरिया आदि मौजूद रहे।

# कालूआना खरीफ चैनल के मुद्दे पर विधायक अमित ने सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

- **बोले: राजघराने को लाभ देने के लिए पुराना नक्शा बदला**

डबवाली के विधायक अमित सिहाग का आरोप है कि हरियाणा सरकार की कथनी और करनी में भारी अंतर है। सरकार जन समस्याओं को लेकर जो जवाब भी देती है वह भी झूठ के पुलिंदे से 'यादा कुछ नहीं होता। मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि कालूआना खरीफ चैनल के निर्माण को लेकर हरियाणा सरकार की झूठ व फरेब की कार्यप्रणाली का पर्दाफाश हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 में कालूआना खरीफ चैनल तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मंजूर किया था। इसके लिए बाकायदा 36 करोड़ रुपए की राशि का भी प्रावधान कर दिया गया था। बाद में जब सरकार बदली तो इस खरीफ चैनल के प्रस्ताव को पर्याप्त पानी न होने का बहाना बनाकर रद्द कर दिया गया। लेकिन पानी कोई मुद्दा नहीं था। क्योंकि यह एक बरसाती पानी की योजना थी, इसलिए इसमें पर्याप्त पानी न होने की बात करना बेमानी था। सरकार की बदनियति के बाद उन्होंने इलाके के लोगों के फायदे के लिए इस चैनल के निर्माण के लिए प्रयास जारी रखें। सरकार से जवाब तलबी की गई। इसी बीच पहले सरकार ने सिरसा जिले में चार खरीफ चैनल मंजूर कर दिए और अब आठ मंजूर करने की बात हो रही है।


**सिरसा।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक अमित सिहाग।

### नगर पालिका की मीटिंग रद

**रतिया।** नगर पालिका के रिवाइज बजट पास करने को लेकर मंगलवार को पार्षदों की मीटिंग तीसरी बार भी रद हो गई। नगर पालिका सचिव के अनुसार पार्षदों के न आने के कारण मीटिंग रद कर दी गई है। अब मीटिंग 7 मार्च को रखी गई है। नगर पालिका के रिवाइज बजट को पास करने के लिए पिछले महीने भी एक मीटिंग आयोजित की गई थी। बैठक में प्रधान के अलावा अधिकारी भी मौके पर मौजूद थे लेकिन उस मीटिंग में टैक्नीकल विंग के अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत न करने के कारण मीटिंग को रद्द कर दिया गया था। दूसरी मीटिंग में प्रधान के न आने के कारण मीटिंग को रद कर दिया गया। यह जानकारी नगर पालिका सचिव पंकज जून ने दी।

## खबर संक्षेप

### शिविर में 100 रोगियों का जांचा स्वास्थ्य

**टोहाना।** गिलांवाली ढाणी स्थित गुरु रविदास धर्मशाला में जिला रैडक्रास सोसायटी फतेहाबाद एवं स्वास्थ्य विभाग, टोहाना द्वारा टीबी जागरूकता व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पार्षद सतीश पुरी ने किया। इस अवसर पर नागरिक अस्पताल से एमओ ममता, एलटी राशि, डॉ. चिराग वर्मा, सुपरवाईजर रमेश कुमार, इकबाल सिंह, सन्नी कुमार आदि ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

### चेतना सम्मेलन को लेकर अभियान चलाया

**रतिया।** ऑल इंडिया मजहबी सिख वैल्फेयर एसोसिएशन द्वारा 10 मार्च को बुढ़लाडा रोड स्थित ईडन गार्डन में करवाए जाने वाले 6वें चेतना सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अभियान चलकर सदस्यों ने घर-घर निमंत्रण दिया। एसोसिएशन के राष्ट्रीय संयोजक सोनी सिंह फौजी ने बताया कि फतेहाबाद क्षेत्र में चलाए गए अभियान के दौरान समाज के लोगों को घर-घर जाकर निमंत्रण दिया गया।

### अमृत सरोवर योजना में 5.24 करोड़ होंगे खर्च

**रतिया।** विधायक लक्ष्मण नापा ने बताया कि अमृत सरोवर योजना के तहत हिजरावा कलां, अहरवां व रतनगढ़ गावों में 5 करोड़ 24 लाख 47 हजार से तालाब बनाए जा रहे है। गांव हिजरावां कलां में 3 करोड़ 26 लाख 26 हजार, अहरवां में 1 करोड़ 19 लाख 33 हजार व गांव रतनगढ़ में 78 लाख 88 हजार रूपये तालाबों व उसके सौंदर्यकरन पर खर्च होंगे। योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में जल स्त्रोत का विकास व संरक्षण करना है।

### नंबरदारों ने प्रदेश बैठक में भाग लेने का लिया निर्णय

**सिरसा।** नंबरदार एसोसिएशन जिलाध्यक्ष हरफूलचंद की अध्यक्षता में नंबरदारों की बैठक कोर्ट कांप्लेक्स में हुई, जिसमें नंबरदारों के हितों को लेकर चर्चाएं की गई। तहसील प्रधान राजेंद्र सिंह, जिला उप प्रधान युधिष्ठिर गोदारा व होशियार चंद, सलाहकार ब्रह्म प्रकाश इत्यादि ने विचार रखें। निर्णय लिया गया कि नंबरदार करनाल में 9 मार्च को होने वाली प्रदेश बैठक में भाग लेंगे। इसी के साथ अहम रणनीति भी बनाई गई।

### अग्रवाल कॉलोनी में चोरी, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** अग्रवाल कालोनी में 5 दिन पहले एक मकान में हुई चोरी के मामले में पुलिस द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में अग्रवाल कालोनी निवासी नरेश चन्द्र ने कहा है कि 29 फरवरी को वह और उसकी पत्नी दोनों घर को ताला लगाकर अपनी-अपनी ड्यूटी पर चले गए थे। दोपहर को जब वह वापस घर आया तो देखा कि उसके मकानके कमरों के ताले टूटे हुए थे और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था।

### नीलकंठ समाजसेवा ट्रस्ट 8 को भंडारा लगाएगी

**सिरसा।** श्री नीलकंठ समाजसेवा ट्रस्ट की एक बैठक सरंक्षक राजेश फुटेला के जनता भवन रोड स्थित प्रतिष्ठान में हुई। बैठक में शिवरात्रि पर लगाए जाने वाले भंडारे को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि ट्रस्ट द्वारा शिवरात्रि के अवसर पर स्थानीय शिवपुरी में 8 मार्च को भंडारा लगाया जाएगा। संस्था के सचिव जनक दाबड़ा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा लंबे अरसे से लावारिस अस्थियों का विसर्जन हरिद्वार में किया जाता है।

### फतेहाबाद जिले से तीन युवतियां लापता

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से तीन युवतियों के लापता होने का समाचार है। तीनों मामलों में परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। अग्रवाल कालोनी फतेहाबाद निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 20 वर्षीय लड़की रोजाना मॉडल टाऊन स्थित एक लाइब्रेरी में पढ़ने के लिए जाती थी। 26 फरवरी को भी वह घर से लाइब्रेरी जाने की बात कहकर गई थी और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है।

## नारी शक्ति वंदन मैराथन में 200 से अधिक महिलाओं ने लिया भाग

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश में महिलाओं को सुदृढ़ बनाएगा

भाजपा महिला मोर्चा की ओर से किया गया आयोजन, जिला प्रधान नेहा मित्तल ने किया मैराथन को रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** नगर परिषद कार्यालय से नारी शक्ति वंदन मैराथन को रवाना करते भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा व नेहा मित्तल।

भाजपा महिला मोर्चा की ओर से नगर परिषद कार्यालय से लालबत्ती चौक तक नारी शक्ति वंदन मैराथन का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व जिला प्रधान नेहा मित्तल ने किया। आज की राष्ट्र के नाम एक दौड़ मैराथन में 200 से ज्यादा महिलाओं व छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस मैराथन को भाजपा जिला प्रधान बलदेव ग्रोहा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। मैराथन से पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष बलदेव ग्रोहा ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वारा नारी शक्ति को मजबूत करने व उन्हें राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए सकारात्मक कदम उठाया गया है तथा महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के कुशल नेतृत्व में देश-प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में अपनी धाक जमा रहा है। भाजपा महिला मोर्चा जिला प्रधान नेहा मित्तल ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चलाई गई है, जिनमें उज्जवला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना सहित अनेक योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश में महिलाओं को सुदृढ़ बनाएगा। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा, महामंत्री अशोक जाखड़, उपाध्यक्ष महेश शर्मा, महिला मोर्चा महामंत्री पूनम ग्रोवर, उपाध्यक्ष डा. सुमन बजाज, उपाध्यक्ष विद्यारत्ती, जिला उपाध्यक्ष सविता टुटेजा, पार्षद नीलांशी शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पूनम सिंगला, मण्डल अध्यक्ष भारती सचदेवा, सुनीता झलनिया, शहरी मण्डल प्रधान शम्मी ढींगड़ा, रीटा गोयल, मोनिका गर्ग, उषा गर्ग, डा. आरूषि मित्तल, इन्द्र बतरा, नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के संयोजक अनिल कुमार सहित सैंकड़ों महिलाएं शामिल थीं।

### भाजपा नेताओं ने स्वामी ध्यान प्रेमानंद को दी जन्मदिन की बधाई

**फतेहाबाद।** श्री अद्वैत स्वरूप विचार आश्रम मंदिर के मुख्य संत स्वामी ध्यानप्रेमानंद जी महाराज के आज 59वें जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष स. बलदेव सिंह ग्रोहा अपनी जिला टीम जिला महामंत्री अशोक जाखड़, जिला उपाध्यक्ष महेश शर्मा, शहरी मंडल अध्यक्ष शम्मी ढींगड़ा के साथ उन्हें बधाई देने आश्रम में पहुंचे।

जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा ने स्वामी ध्यानप्रेमानंद महाराज को जन्मदिन की बधाई दी तथा उनकी दीर्घायु, स्वस्थ एवं अध्यात्मपूर्ण जीवन की मंगल कामना की। उन्होंने कहा कि संत महात्मा ही समाज को सही दिशा और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। उनके श्रीचरणों की रज से ही मानव जाति का कल्याण होता है। इस अवसर पर स्वामी ध्यानप्रेमानंद ने जिलाध्यक्ष स. बलदेव सिंह ग्रोहा व उनके साथ आए अन्य जिला पदाधिकारियों को आशीर्वाद एवं प्रसाद दिया।

## निताशा सिहाग ने गोसेवा के लिए दिया 3.42 लाख का चेक


**चोपटा।** गांव अरनियावाली की गोशाला में भाजपा जिला अध्यक्ष निताशा सिहाग ने पहुंचकर गौशाला प्रबंधन समिति को 3 लाख 42 हजार राशी का चैक गौ सेवा हेतु भेंट किया। इस मौके पर उपस्थित ग्रामवासियों से वार्तालाप करते हुए जिलाध्यक्ष निताशा ने बताया कि राज्य की पहली सरकार है जो गौशालाओं को गौ सेवा हेतु सहयोग करती है। अबकी बार मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गौशालाओ के लिए 400 करोड़ का बजट जारी किया है जिससे अब गौमाता सड़कों पर बेसहारा घूमती हुई नजर नहीं आएगी। हमारे जीवन में गौसेवा का बहुत महत्व है। हिंदू धर्म में गाय को पूजनीय स्थान प्राप्त है। ऐसी मान्यता है कि बड़े से बड़ा कष्ट भी सिर्फ गौ माता की सेवा करने से दूर हो जाता है। गाय में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास होता है। मान्यता है कि गाय की सेवा करने से जहां सभी देवी-देवता प्रसन्न होते हैं, वहीं घर में सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य का वरदान मिलता है।

## डीएसपी से मिला व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

■ दुकानों पर कार्यरत लोगों की वैरिफिकेशन कराने की मांग

हरियाणा व्यापार मंडल की जिला इकाई का प्रतिनिधिमंडल डीएसपी सुभाष चंद्र से शहर थाने में मिला। इस मौके पर शहर थाना प्रभारी दिनकर यादव भी मौजूद थे। हरियाणा व्यापार मंडल के जिला मीडिया प्रभारी नीरज मरोदिया ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष अजय शेरपुरा, उपाध्यक्ष गोविंद शर्मा, नगर अध्यक्ष रमेश अनेजा, संरक्षक नत्थुराम, हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड से गंगाराम गुप्ता व उनकी टीम के पदाधिकारी शामिल थे। नीरज मरोदिया ने बताया कि पुलिस वैरिफिकेशन न होने के कारण व्यापारियों के लिए काम करना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन दुकानों पर काम करने वाले सभी लोगों की वैरिफिकेशन करे, ताकि व्यापारियों को अपना व्यापार सुरक्षित तरीके से करने में कोई परेशानी न आए। इसके अलावा अन्य सामाजिक और व्यापारिक मुद्दों को लेकर भी चर्चा हुई। वहीं समाज में फैली नशे की प्रवृत्ति को लेकर भी डीएसपी सुभाष चंद्र से विस्तार से चर्चा हुई और उन्होंने नशे पर प्रतिबंध लगाने का आश्वासन दिया।

## जनसमस्याओं का निर्धारित समय में समाधान करें अधिकारी : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


**सिरसा।** नवनियुक्त डीसी आरके सिंह।

■ सरकार की योजनाओं व कार्यक्रमों का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य

नव नियुक्त उपायुक्त आर के सिंह ने कहा कि सभी विभाग सीएम विंडो, सोशल मीडिया व जनसंवाद कार्यक्रमों में आई समस्याओं को जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं। हमारा कर्तव्य सरकार की योजनाओं व कार्यक्रमों का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना है। वे मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा निर्वहन की जा रही जिम्मेदारियों के संबंध में भी जानकारी ली और उन्हें अपना कार्य पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग अपने अधूरे पड़े विकास कायारे् को गुणवत्तापूर्वक निर्धारित समयावधि में पूर्ण करवाएं। अधिकारी नागरिकों को केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पंहुचाना सुनिश्चित करें व सरकार द्वारा शुरू किए गए विकास कायोंर् को गति देते हुए निर्धारित समय सीमा में पूरा करवाने के साथ-साथ निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की नीतियों व योजनाओं को पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाना ही प्रशासन का प्रथम दायित्व है और इस कार्य में सभी अधिकारी-कर्मचारी जिम्मेदारी का तत्परता से निर्वहन करें।

## सीडीएलयू की छात्रा ने जीता कांस्य, किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


**सिरसा।** पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते वीसी प्रो. अजमेर सिंह।

गुवाहाटी में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2023-24 में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय की छात्रा 'योति ने एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक के साथ-साथ खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम में 53.16 मीटर भाला फेंक कर नया रिकॉर्ड कायम किया। इसी इवेंट में सपना ने विश्वविद्यालय को कांस्य पदक दिलाया। इन खिलाड़ियों का विश्वविद्यालय पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इन्हीं खेलों में कुश्ती मुकाबले में भी विश्वविद्यालय की बेटी वर्षा ने सिल्वर पदक जीत कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। बॉक्सिंग में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय की प्रियंका ने ताबडतोड़ पंचों से वार करके विश्वविद्यालय की झोली में सिल्वर पदक डाला। खिलाड़ियों को कुलपति अजमेर सिंह मलिक द्वारा सम्मानित किया गया। खेल परिषद के सचिव प्रो. सुरेश कुमार गहलावत और सचिव प्रो. अशोक कुमार मलिक ने भी खिलाड़ियों को बधाई दी। विश्वविद्यालय खेल परिषद के सचिव प्रोफेसर अशोक कुमार मलिक ने बताया कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम 2023-24 पूर्व भारत के राज्यों असम, मिजोरम, सिक्किम, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा और मेघालय में 17 फरवरी से 29 फरवरी 2024 तक आयोजित हुए जिसमें विश्वविद्यालय की ओर से 11 खिलाड़ियों ने चार इवेंट में भाग लेकर विश्वविद्यालय को चार पदक दिलाए ह्व खेल सचिव ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक के अथक प्रयास से हमारा विश्वविद्यालय राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नित नई उपलब्धियों को छू रहा है और पिछले साल के पदक विजेता खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय द्वारा लगभग 9.50 लाख रुपये की इनाम राशि देकर जल्द ही सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर निदेशक जनसम्पर्क डॉ अमित सांगवान, डॉ ओमदा कुमार, निजी सचिव धर्मबीर सिंह, हनुमान कोच, अनिल कोच, सतबीर सिंह, सुनील कुमार, जयपाल सिंह व लेखराम उपस्थित रहे।

## पंजुआना सब यूनिट के प्रधान बने जगतार सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन सब यूनिट पंजुआना के चुनाव करवाए गए, जिसकी अध्यक्षता सिटी यूनिट प्रधान बाबूलाल व सबअर्बन यूनिट के प्रधान सुखदेव सिंह ने की।

चुनाव पर्यवेक्षक के तौर पर राज्य वरिष्ठ उप प्रधान अविनाश चंद्र कंबोज मुख्य सलाहकार सिरसा सुरजीत सिंह बेदी, उप प्रधान राम प्यारा ने उपस्थिति दर्ज करवाई। सब यूनिट पंजुआना के करवाए गए चुनाव में सर्व सम्मति से प्रधान जगतार सिंह, वरिष्ठ उपप्रधान सुनील कुमार, उप प्रधान विनोद गिर, सचिव प्रवेश पूनियां सह सचिव हनुमान, कैशियर जसकरण सिंह, संगठनकर्ता गंगाराम व कुलदीप हुड्डा, मुख्य सलाहकार सतीश कुमार जे ई व जगदीश लाल को चुना गया। प्रधान ने बताया कि सरकार वह निगम मैनेजमेंट बिजली कर्मचारियों की मांगों कीतरफ ध्यान नहीं दे रही है। 10 अक्टूबर 2023 को बिजली मंत्री से हुए समझौते को आज तक लागू नहीं किया गया है, जिससे बिजली कर्मचारियों में भारी रोष है। सिरसा में गाड़ियां उपलब्ध करवाने व कुछ अन्य मांगों को लेकर यूनियन द्वारा निगम के अधिकारियों के खिलाफ 13 दिन धरना प्रदर्शन किया गया।

## राजस्थान सीमा पर लगाए जाएंगे नाके

■ उपायुक्त आरके सिंह ने हनुमानगढ व गंगानगर के उपायुक्तों से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


**सिरसा।** बैठक के दौरान वीडियो कांफ्रेंस के जरिए गंगानगर व हनुमानगढ़ के उपायुक्तों से बातचीत करते उपायुक्त आरके सिंह।

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मंगलवार को नवनियुक्त उपायुक्त आरके सिंह ने सिरसा के साथ लगते राजस्थान के सीमावर्ती जिले हनुमानगढ व गंगानगर के जिला उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक के साथ वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से सीमाओं के सुरक्षा नाकों की समीक्षा की। वीडियो कॉफ्रेंस में उपायुक्त आरके सिंह ने हनुमानगढ व गंगानगर के उपायुक्त को आश्वस्त किया कि हरियाणा व राजस्थान के बार्डर पर नाके लगाकर प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाएगी। सिरसा जिला से लगते हरियाणा व राजस्थान के बार्डर पर कुल 18 नाके लगाए जाएंगे। इन नाकों पर शराब व पैट्रोल-डीजल सहित अन्य मादक पदार्थों की तस्करी पर विशेष नजर रखी जाएगी। बैठक में उपस्थित सिरसा के पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने कहा कि वर्तमान में राजस्थान की सीमा पर तीन नाके लगाए गए हैं, इसके अलावा जल्द ही 15 नाके और लगाए जाएंगे। सभी नाकों पर उप पुलिस अधीक्षक की अगुवाई में टीमें गठित करके कड़ी सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

## धरना दे रहे किसानों ने 16 को बुलाई पंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखल

■ मुआवजे की मांग को लेकर धरना दे रहे किसान करेंगे आंदोलन तेज

बाढ़ से बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर पिछले करीब तीन सप्ताह से पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के नेतृत्व में जाखल उपतहसील कार्यालय को तालाबंदी कर धरनारत किसानों का प्रदर्शन लगातार जारी है। धरना स्थल पर किसानों की बारी मुताबिक मंगलवार को जाखल गांव के किसान गुरप्रीत सिंह व नसीब सिंह की अध्यक्षता में किसान धरने पर डटे रहे। इस दौरान किसानों ने कहा कि जब तक सरकार उनकी मांग पूरी नहीं करती, उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। पिछले करीबन एक महीने से तहसील कार्यालय को ताला जड़कर धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों की कोई सुनवाई न होने पर किसान समिति द्वारा अब आंदोलन को तेज करने की रणनीति तैयार की गई है। इसे लेकर मंगलवार को पगड़ी संभाल जट्टा ब्लॉक जाखल कमेटी द्वारा एक मीटिंग बुलाई गई, जिसमें 16 मार्च को क्षेत्र के किसानों को लामबंद कर बड़ी पंचायत आयोजित कर आंदोलन को लेकर आगामी ठोस निर्णय लेने का निर्णय लिया गया।

### पंचायत में शामिल होने का किसानों को देंगे न्योता

किसान समिति के ब्लॉक अध्यक्ष लाभ सिंह ने बताया कि इससे पहले 16 मार्च तक क्षेत्र के सभी गांवों में जाकर किसानों को उक्त पंचायत में शामिल होने के लिए आमंत्रण किया जाएगा। पंचायत में किसान अपनी मांगों को लेकर सहमति से निर्णय लेकर रोड बंद करने या बीडीपीओ ब्लॉक का घेराव कर संघर्ष को और तेज किया जाएगा। इसके अलावा गांवों में आगमन पर क्षेत्रीय विधायक और पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली से सवाल जवाब किए जाएंगे। किसान नेताओं ने बताया कि गत वर्ष क्षेत्र में आई बाढ़ से सैंकड़ों किसानों की फसल खराब हो गई थी। उस दौरान सरकार ने सभी बाढ़ पीड़ितों को खराब फसल की भरपाई के लिए मुआवजा देने की घोषणा की थी, लेकिन उसके बाद सरकार ने कुछ किसानों के खाते में मुआवजा राशि डालकर हाथ खड़े कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के बहुत से किसान है जिनका बाढ़ के कारण फसलों का काफी नुकसान हुआ था लेकिन उन्हें मुआवजा नहीं मिला है। ऐसे में मुआवजे की मांग को लेकर किसान सरकार के खिलाफ आंदोलित हैं। इस मौके पर हरविंदर झंडा, जगतार गोरा, संसार चांदपुरा, जस्सा, लखविंदर साधनबास, कर्मजीत मूसा खेड़ा आदि साथी मौजूद थे।

## एमएम बीएड कॉलेज में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ

# पोलियो ड्रॉप्स पिलाने के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** एनएसएस कैम्प के पहले दिन झलनियां गांव के लिए रवाना होते वॉलिंटियर्स।

एमएम शिक्षण महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ किया गया। इस कैम्प में कॉलेज के विद्यार्थी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। कैम्प के प्रथम दिन कॉलेज के विद्यार्थियों को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय झलनियां के लिए रवाना हुआ। डॉ. कविता बत्रा ने एनएसएस स्वयंसेवकों को रवाना करते हुए शुभकामनाएं दी। एनएसएस वॉलिंटियर्स ने गांव झलनियां के सरकारी स्कूल में तथा हेल्थ सेंटर में जाकर जहां सफाई अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया वहीं पौधारोपण कर पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। इसके अलावा एनएसएस वॉलिंटियर्स द्वारा गांव में सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्लस पोलियो अभियान को लेकर जागरूकता रैली निकालकर बच्चों को पोलियो ड्राप्स पिलाने का आह्वान किया। एनएसएस इंचार्ज डॉ. कमला जोशी ने वॉलिंटियर्स को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना यानि एनएसएस विद्यार्थियां के व्यक्तित्व विकास का अच्छा माध्यम है। शिविर के दौरान विद्यार्थी श्रमदान का महत्व सीखते हैं। अनुशासित जीवन जीते हैं। उन्होंने एनएसएस वॉलिंटियर्स को संयम, अनुशासन और समय के सदुपयोग का महत्व समझाया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने भी एनएसएस वॉलिंटियर्स को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ सदस्य डॉ. गुंजन बजाज, सुमन लता, मंगतराम सहित समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005